# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

क्रमांकः 179 /अकादमी/संबंद्धता/2026 — भोपाल दिनांकः 18-2-26.

**College Code-469**
**Temp. Affiliation**
(2025-26)

To,
PRINCIPAL,
**SANT HIRDARAM INSTITUTE OF MANAGEMENT FOR WOMEN**
**SANT HIRDARAM NAGAR, BHOPAL (M.P.).**
**(Private)**

विषयः- **सत्र 2025-26 हेतु अस्थाई सम्बद्धता एवं सीट वृद्धि प्रदान करने विषयक ।**

महोदय,

विद्या परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांकः 17.07.2025 में की गई अनुशंसा एवं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक : 19.01.2026 में अनुमोदन उपरान्त आपके महाविद्यालय को निम्नानुसार पाठ्यकर्मों/विषयों को सत्र **2025-26** हेतु **अस्थाई संबंद्धता** एवं **सीट वृद्धि** प्रदान की जाती है।

| S.NO | COURSE | Seat | SUBJECT | COURSE STATUS |
|---|---|---|---|---|
| 01 | B.B.A. II | -- | All Compulsory Sub. | TEMPORARY |
| | BBA | Seat Increase | 120 | TEMPORARY |

शर्तें :

(1) प्रदत्त अस्थाई संबंद्धता / निरन्तरता करने हेतु आगामी सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय में निर्धारित संबंद्धता शुल्क एवं आवेदन पत्र के साथ नियत दिनांक तक आवेदन करना होगा।

(2) बिना संबंद्धता/निरन्तरता के किसी छात्र/छात्रा का प्रवेश मान्य नही होगा । उसकी संपूर्ण जवाबदारी **महाविद्यालय प्रबंधन** की होगी।

(3) विश्वविद्यालय परिनियम 27,28 तथा परीक्षा अध्यादेश 5,6,7 में दर्शित प्रावधानों का पालन करना महाविद्यालय प्रबन्धन के लिए आवश्यक होगा। किसी भी प्रावधानो का उल्लंघन पाए जाने पर यह संबंद्धता/निरन्तरता स्वतःही निरस्त हो जावेगी।

(4) अशासकीय महाविद्यालयों को आगामी संबंद्धता हेतु आवेदन के साथ रू. 100-00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में जानकारी जिसमें आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग / ए.आई.सी.टी.ई. / अन्य पाठ्यक्रम हेतु नियामक संस्थाओं (नियमानुसार जो लागू हो) की मान्यता, विश्वविद्यालय से जारी विगत वर्षो के संबंद्धता/निरन्तरता पत्र, महाविद्यालय की संचालन समिति के पंजीयन दस्तावेज़, पार्ट-ए में दर्शित दस्तावेज, जिसमें समिति द्वारा क्रय की गई भूमि की रजिस्ट्री, नगर निगम/नगर पालिका/पंचायत द्वारा अनुमोदित महाविद्यालय का नक्शा, खसरा नम्बर, महाविद्यालय का निर्माणाधीन एरिया, बिल्डिंग पूर्ण होने का प्रमाण पत्र, खेल मैदान की जानकारी, खेल मैदान की महाविद्यालय से दूरी एवं उसका सत्यापन, महाविद्यालय में उपलब्ध क्लासरूम की संख्या, उसमें कितने छात्रों को अध्ययन कराया जाता है, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, उपलब्ध फर्नीचर, उपकरण, कम्प्यूटर पुस्तकों की संख्या, महाविद्यालय का **फोटोग्राफ जियोटैगिंग** सहित, क्लासरूम, प्रयोगशाला पुस्तकालय का फोटोग्राफ, यदि महाविद्यालय का स्थान परिवर्तन हुआ है संबंधी जानकारी, महाविद्यालय की समिति का पुर्नगठन, शासी निकाय के कार्यवृत्त संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(5) शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति वि.वि. परिनियम (कालेज कोड 28) के तहत छात्र अनुपात अनुसार पूर्ण कर नियुक्त शिक्षकों की सूची नियुक्ति पत्र, मय ज्वाईनिंग रिपोर्ट मय शिक्षकों का मोबाईल नम्बर, पेन नम्बर, शिक्षकों के बैंक खातों की जानकारी विश्वविद्यालय में हार्डकापी में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नियुक्त शिक्षकों की जानकारी मय बायोडाटा के महाविद्यालय की वेबसाईट पर भी प्रदर्शित करें। महाविद्यालय को स्वीकृत सीट संख्या महाविद्यालय में प्रवेशित/अध्ययनरत छात्रों की संख्या एवं सूची तथा रिक्त सीटों की संख्या की जानकारी विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(6) महाविद्यालय की बैलेन्सशीट, आय-व्यय पत्रक चार्टर्ड अकाउंटेंट से सत्यापित करवाकर प्रस्तुत करना होगा।

(7) जनभागीदारी समिति / शासी निकाय का गठन कर नियमित बैठक का आयोजन एवं विवरण तीन माह में वि.वि. को भेजना होगा।

(8) संबंधित पाठ्यकर्मों हेतु FDR वि.वि.में जमा करना अनिवार्य होगा।

(9) उक्त शर्तो का पालन नहीं करने पर परिनियम-27 के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ.कं. 180 /अकादमी/संबंद्धता/2026 — भोपाल दिनांक : 18.2.26.

प्रतिलिपिः-

1. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
3. क्षेत्रिय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वि.वि. आई.टी. /वेब सेल भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
5. परीक्षा नियंत्रक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
6. कुलगुरू/कुलसचिव जी के निजी सहायक के माध्यम से सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव, (अकादमी)

21/02/26